**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 19.06.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- पंचायती राज राज्य मंत्री ने कहा भाषिनी पहल से भारत की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूती मिलेगी।
- नागरिक आपूर्ति विभाग के आदेशानुसार ई–के वाई सी नहीं कराने पर 1 जुलाई से राशन कार्ड निलम्बित किए जाएंगे।
- अटल वयो योजना के तहत समाज कल्याण निदेशालय द्वारा कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार।
- मत्स्य विभाग द्वारा स्वच्छ एवं स्वच्छता प्रक्रियाओं पर क्षमता निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।

**<><><><><><><>**

पंचायती राज मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के ए आई प्लेटफार्म भाषिनी के बीच हुए समझौते से न केवल भाषा संबंधी बाधाएं दूर होंगी, बल्कि देश भर के राज्यों के बीच भाषाई आधार पर एकरूपता लाने के प्रयास को भी बढ़ावा मिलेगा। पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस पी बघेल ने नई दिल्ली में इस संबध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर भाषिनी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूती मिलेगी। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर भागीदारी आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ए आई–सक्षम सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे के उपयोग को बढ़ावा देना है।

**<><><><><><><>**

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने गरीबी रेखा से ऊपर अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के छूटे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए ई–के वाई सी कराने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की है। ई–केवाईसी नहीं कराने पर उनका राशन कार्ड 1 जुलाई से निलंबित कर दिया जाएगा। बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थी आधार नम्बर के साथ नागरिक आपूर्ति विभाग के कमरा नम्बर बीस या अपने–अपने आपूर्ति विभाग के इकाईयों से संपर्क कर ई–के वाई सी करा सकते हैं। ऐसे सभी बचे हुए लाभार्थियों की सूची संबंधित उचित मूल्य की दुकानों मे भी जानकारी के लिए उपलब्ध कराया गया है।

इस बीच, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के पांच से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का ई– के वाई सी पूर्ण नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी लाभार्थियों से भी अपने नजदीकी केन्द्रों में जाकर आधार को तर्कसंगत बनाने को कहा गया है। ऐसे लाभार्थी आधार में सुधार के लिए नागरिक आपूर्ति विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

आज विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि यह सिकल सेल रोग से पीड़ित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। श्री नड्डा ने कहा कि यह दिन इससे पीड़ित समुदायों को शिक्षित करने, शीघ्र निदान को बढ़ावा देने और चल रहे शोध का प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। श्री नड्डा ने कहा कि यह नागरिकों को इस बीमारी से जूझ रहे रोगियों के लिए एक दयालु, व्यापक और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता की भी याद दिलाता है। उन्होंने सभी से समझ बढ़ाने और प्रभावित लोगों की देखभाल करने का आग्रह किया।

**<><><><><><><>**

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के सिलसिले में चक्करगांव स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बंकर बीच बर्मनाला के पास हरित योग और वॉक विद योग का आयोजन किया। कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया।

**<><><><><><>**

शिक्षा विभाग ने कहा है कि राष्ट्रीय साधन–सह–योग्यता छात्रवृत्ति पोर्टल अब 2025–26 के लिए नवीनीकरण और नए आवेदन दोनों के लिए खुला है। इस पोर्टल पर नवीनीकरण और नया पंजीकरण कराने और नए छात्रों के लिए वन टाईम पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। नोडल अधिकारियों द्वारा सत्यापन कार्य 15 सितम्बर तक, जबकि डीएनओ सत्यापन 30 सितम्बर तक कराए जा सकते हैं। सभी स्कूल प्रमुखों और संस्थान के नोडल अधिकारियों से नवीनीकरण और नए पात्र लाभार्थियों को पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सूचित करने का अनुरोध किया है। सभी नए आवेदकों के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। चयनित छात्रों की सूची संबंधित स्कूलों को ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए राज्य शिक्षा संस्थान के डीलिंग असिस्टेंट, दीपक राम से संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><>**

अटल वयो योजना के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने देश के वरिष्ठ नागरिकों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार के लिए ब्रह्माकुमारीज के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रह्माकुमारीज के साथ शिविर आयोजित करके समन्वय स्थापित करने के लिए सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, सामाजिक कल्याण विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार किया है। कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत, बुनियादी स्वास्थ्य और कल्याण कौशल पर पहला कार्यक्रम फरारगंज में अभ्युदय परिसर स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की बहन शर्मिष्ठा ने मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के बारे में जानकारी दी। योग एवं ध्यान पर एक सत्र भी आयोजित किया गया। अगला कार्यक्रम 03 जुलाई को गुप्तापाड़ा में आयोजित किया जाएगा। पर्यवेक्षक मोनालिसा बिस्वास और वरिष्ठ नागरिक गृह कार्यक्रम की प्रभारी शीला कर के समन्वय से कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**<><><><><><>**

हरियाणा के गुरुग्राम में चल रहे 38वीं राष्ट्रीय अंडर–09 शतरंज चैंपियनशिप 2025 में देश भर से लगभग 500 शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के दो युवा खिलाड़ी सॉ जिनसन सैमुअल और एस ईशान प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। यह चैंपियनशिप स्विस प्रणाली के तहत शास्त्रीय प्रारूप में 11 राउंड में खेली जा रही है, जो 21 जून तक आयोजित की जाएगी। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के महासचिव बी निल्लईया ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कहा–

**बाईट–चेस–28 से0**

**<><><><><><>**

मत्स्य विभाग ने नेटफिश–एमपेडा, चेन्नई के सहयोग से कार निकोबार में आदिवासी समुदाय के लिए 'स्वच्छ एवं स्वच्छता प्रक्रियाओं पर क्षमता निर्माण' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनजातीय परिषद के अध्यक्ष लियोनाल्ड निकोमेड उपस्थित थे, जबकि सीटीसी के सचिव मार्टिन लूथर सम्माननीय अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्थानीय मछुआरा समुदाय को इस तरह की सार्थक पहल के माध्यम से सशक्त बनाने में मत्स्य विभाग और नेटफिश–एमपेडा के प्रयासों की सराहना की। कार निकोबार की उप–निदेशक वी. शीजा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मछुआरों के बीच स्वच्छता से निपटने और मछली पकड़ने से लेकर उपभोग तक हर चरण में स्वच्छता प्रथाओं को बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। तकनीकी सत्रों में मत्स्य पालन में स्वच्छता और स्वच्छता के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**<><><><><><>**

हटबे क्षेत्राधिकार से होम गार्ड स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अब शारीरिक क्षमता परीक्षा के लिए नेताजी स्टेडियम के बजाय हटबे में आयोजित होने वाली परीक्षा में भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा पांच जुलाई को आयोजित होगी। हटबे के उम्मीदवार जिन्होंने अपने आवेदन

पहाड़गांव पुलिस थाना में जमा किए हैं और अपनी शारीरिक परीक्षा के स्थान को नेताजी स्टेडियम से बदलकर हटबे क्षेत्राधिकार में करना चाहते हैं, वे इस संबंध में लिखित में अपनी इच्छा हटबे पुलिस थाना या होमगार्ड के भर्ती प्रकोष्ठ में 23 जून तक जमा कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**